BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही **दिनांक-09.02.2025**

◆विगत दिनों थाना औराई अन्तर्गत चोरी की 02 घटनाओं को कारित करने वाले गिरोह में शामिल 03 वांछित अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

◆कब्जे से चोरी की 18 पीस पीतल की टोटियां, चोरी की टोटी/भैंस बिक्री का कुल-₹8,000/- नगदी बरामद

◆पूर्व में गिरोह में शामिल दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 150 पीस पीतल की टोटियां, चोरी की टोटी बिक्री का ₹12,000/- व चोरी की भैंस बिक्री का ₹4,000/- कुल-₹16,000/- नगदी बरामद कर भेजा गया है जेल

दिनांक-31.01.2025 को थाना औराई पर आवेदक श्री श्याम सिंह राजपूत द्वारा सूचना दिया गया कि जी.ए. इन्फ्रा तिवरी थाना औराई जनपद भदोही में स्टोर इंचार्ज के पद पर कार्यरत हूं। दिनांक 23/24.01.2025 की रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कुछ पेटियां पीतल की टोटी/नट बोल्ट चोरी कर लिया गया है। उक्त सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-33/25 धारा-331(4), 305 बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत व दिनांक 30.12.2024 को आवेदक श्री रामधारी पाल निवासी भैदपुर चीनी मिल रोड द्वारा दिनांक 22.12.2024 की रात्रि में 01 भैंस, 01 पड़िया व 01 पड़वा चोरी होने के संबंध में सूचना दिया गया सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मु.अ.सं.-328/24 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोगों से सम्बन्धित सामान की शीघ्र बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में दिनांक-02.02.2025 को प्रभारी निरीक्षक औराई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए उपरोक्त घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए उपरोक्त चोरी की घटनाओं व चोरी का प्रयास करने के गिरोह में शामिल 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 150 पीस पीतल की टोटियां व चोरी के टोटी बिक्री का ₹12,000/- व भैंस चोरी के बिक्री का ₹4,000/- कुल-₹16,000/- नगद बरामद कर जेल भेजा गया है।

गिरोह में शामिल शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास के क्रम में आज दिनांक 09.02.2025 को प्रभारी निरीक्षक औराई के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गिरोह में शामिल 03 वांछित अभियुक्तों- 1.सनी यादव पुत्र मुन्नू यादव निवासी देवनाथपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही 2.अंकित यादव पुत्र सुशील यादव निवासी सुंदरवन थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही 3.धीरज उर्फ ढुलढुल पुत्र सुरेश निवासी बैराखास थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही को सवरा गेट के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 18 पीस पीतल की टोटियां व चोरी के टोटी/भैंस चोरी के बिक्री का कुल-₹8,000/- नगद बरामद करते हुए विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पता

1.सनी यादव पुत्र मुन्नू यादव निवासी देवनाथपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही

2.अंकित यादव पुत्र सुशील यादव निवासी सुंदरवन थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही

3.धीरज उर्फ ढुलढुल पुत्र सुरेश निवासी बैराखास थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही

बरामदगी

चोरी का 18 पीस पीतल की टोटियां व चोरी के पीतल की टोटियों/भैंस के बिक्री का कुल-₹8,000/- नगद

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

प्र0नि0 अंजनी कुमार राय,उ0नि0 सन्तोष कुमार सिंह, SI नथुनी सिंह, SI वीरेन्द्र यादव, HC सुनील कुमार यादव, HC बलिराज थाना औराई जनपद भदोही